# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 278 ■ अम्बिकापुर, गुरूवार 31 अक्टूबर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


# आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 03 आदतन आरोपी गुंडा-बदमाश की सूची में दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 03 आदतन बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए इन्हें गुंडा बदमाश की सूची में दर्ज किया गया है। इनके विरुद्ध पूर्व में कई आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। थाना कोतवाली एवं थाना गांधीनगर के प्रतिवेदन पर पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने उपरोक्त बदमाशों का नाम गुंडा बदमाश में दर्ज करने आदेशित किया गया है। बता दें कि जिले में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सरगुजा पुलिस द्वारा लगातार सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी गांधीनगर द्वारा पुलिस अधीक्षक सरगुजा के समक्ष थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निवासरत जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित पिता अशोक तिवारी उर्फ



बाबा पंडित 19 वर्ष निवासी जरहागढ़ अंबिकापुर, अतुल ताम्रकार पिता बिरजू ताम्रकार 20 वर्ष निवासी केदारपुर अंबिकापुर एवं थाना गांधीनगर क्षेत्र के संजीत पाल पिता बैजनाथ पाल 38 वर्ष निवासी सकालो बांधपारा हाल-मुकाम वसुंधरा विहार गोधनपुर थाना गांधीनगर के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने एवं बदमाशों की गतिविधियों पर निगाह रखने हेतु जाहिरा गुण्डा लिस्ट में लाने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। उपरोक्त बदमाश युवकों द्वारा लगातार विभिन्न प्रकार के गंभीर अपराध घटित किए गए हैं। इनके विरुद्ध कई आपराधिक प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किए जाने के पश्चात भी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं आया है। ऐसे में थाना प्रभारी अंबिकापुर एवं थाना प्रभारी गांधीनगर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंबिकापुर के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल द्वारा जिला अंतर्गत के तीनों बदमाश युवकों जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित, अतुल ताम्रकार व संजीत पाल को 30 अक्टूबर से गुण्डा बदमाश की सूची में शामिल किया है।

## अंश पंडित के विरूद्ध 21 प्रकरण दर्ज

जय आदित्य तिवारी उर्फ अंश पंडित पिता अशोक तिवारी उर्फ बाबा पंडित 19 वर्ष निवासी जरहागढ़ के खिलाफ मारपीट, बलवा, हत्या, आर्म्स एक्ट, अपहरण से संबंधित अपराध थाना कोतवाली, अंबिकापुर में पंजीबद्ध किए गए हैं। दु:साहसी प्रवृत्ति का होने के कारण क्षेत्र में लोग इसके खिलाफ शिकायत करने से भी घबराते है। इसके कृत्य से आम जनमानस में भय का वातावरण बना रहता है। बदमाश सन 2016 से अपराधिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय है। इसके विरूद्ध अब तक 21 प्रकरण, मारपीट, बलवा, हत्या, आर्म्स एक्ट, अपहरण पंजीबद्ध किया गया है।

## अतुल ताम्रकर के विरूद्ध 11 प्रकरण दर्ज

अतुल ताम्रकर पिता विरजु ताम्रकर 20 वर्ष निवासी पहुना दुकान के पास केदारपुर के खिलाफ मारपीट, बलवा, हत्या, लुट, अपहरण, आर्म्स एक्ट से सबंधित अपराध थाना कोतवाली, अंबिकापुर में पंजीबद्ध किए गए हैं। निगरानी दु:साहसी प्रवृत्ति का होने के कारण क्षेत्र में लोग इसके खिलाफ शिकायत करने से भी घबराते हैं। बदमाश के कृत्य से आम जन मानस में भय का वातावरण बना रहता है। बदमाश सन 2019 से अपराधिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय है। इसके विरूद्ध अब तक 11 प्रकरण, मारपीट, बलवा, हत्या, लूट, अपहरण व 01 प्रकरण प्रतिबंधात्मक पंजीबद्ध किया गया है।

## संजीत पाल आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर अपराधों का आरोपी

संजीत पाल पिता बैजनाथ पाल 38 वर्ष निवासी सकालो बांधपारा वर्तमान में क्वार्टर नं. एस2/सी33 वसुन्धरा विहार गोधनपुर में रहता है। थाना गांधीनगर क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय रहकर वह गांव, मोहल्ले में तलवार एवं देशी कट्टा लेकर लोगों को डरा-धमका कर, मारपीट, गुण्डागर्दी, शराब पीना तथा शराब पीकर हल्ला-गुल्ला कर मोहल्ले, वार्ड एवं अंबिकापुर के विभिन्न क्षेत्र में आतंक मचाता है। इसके विरुद्ध थाना गांधीनगर में अपराध क्रमांक 135/2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट, अपराध क्रमांक 308/2020 धारा 294, 506, 323, 34 भा.द.सं., अपराध क्रमांक 317/2021 धारा 294, 506, 323 भा.द.सं., अपराध कमांक 173/2024 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट, अपराध क्रमांक 616/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट एवं इस्तगासा क्रमांक 296/2021 धारा 107, 116(3) द.प्र.सं., इस्तगासा क्रमांक 20/2024 धारा 110 द.प्र.सं. कायम कर विवेचना में लिया गया है। बदमाश के खिलाफ चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को दीपोत्सव पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं...

### अवकाश सूचना

दीपावली के अवसर पर छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन में दिनांक 31 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर को अवकाश रहेगा।

**संपादक**

# दंतैल हाथी ने ग्रामीण को पटका, इसके बाद अलर्ट मोड पर आया वन अमला

**घायल का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा इलाज, ग्रामीणों का झुंड देखकर भागा हाथी**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के प्रतापपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकनगर में बुधवार की सुबह बस्ती के अंदर ग्रामीणों का अचानक एक दंतैल हाथी से सामना हो गया। हाथी ने एक ग्रामीण को पटक दिया, जिसमें उसे गंभीर चोटें आई हैं। हाथी को सामने देखकर अन्य ग्रामीण भागे। हाथी ने एक मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों के शोर मचाते निकलने पर हाथी बस्ती से दूर निकल गया। क्षेत्रीय अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद स्वजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराए हैं, जहां उसका उपचार चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक वन परिक्षेत्र के ग्राम कनकनगर इलाके में 9 हाथियों का दल लगभग एक सप्ताह से विचरण कर रहा है। दल से बिछड़कर एक दंतैल हाथी बुधवार, 30 अक्टूबर को सुबह लगभग 6.30 बजे बस्ती के बीच पहुंच गया। इससे अनजान ग्रामीण रोजाना की भांति सुबह उठकर अपनी दिनचर्या में व्यस्त थे, इसी दौरान घर के पास रोड से लगे खुले आंगन में मौजूद ग्रामीण नितेश कुमार पण्डो पिता सुन्दर साय पण्डो 24 वर्ष को हाथी अचानक दौड़ाया और सूंड में लपेटकर पटक दिया। अचानक हाथी के दौड़ाने से अफरातफरी की स्थिति बन गई। अन्य ग्रामीण किसी तरह भागते घर में घुसकर जान बचाए। बड़ी धन-जनहानि की स्थिति न बने, इसे देखते हुए ग्रामीण हिम्मत करके शोर मचाते अपने घरों के आसपास एकत्र होने लगे। ग्रामीणों का जमाव देखकर हाथी बस्ती से दूर रूख कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि कनकनगर में दल से भटककर पहुंचे हाथी से संभवत: वन विभाग भी अनजान था, जिस कारण ग्रामीणों को मुनादी करके एलर्ट नहीं किया गया और हाथी गांव की बस्ती के बीच पहुंच गया। बहरहाल हाथी के द्वारा ग्रामीण पर किए गए हमले के बाद वन अमला एलर्ट मोड पर है।

## वन विभाग ने दी तत्कालिक सहायता राशि

दंतैल हाथी के द्वारा एक ग्रामीण को घायल करने और मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त करने की सूचना पर वन विभाग के जिम्मेदार मौके पर पहुंचे, वहीं घायल ग्रामीण की स्थिति से अस्पताल पहुंच कर वाकिफ हुए। इनके द्वारा घायल के स्वजन को इलाज के लिए तात्कालिक सहायता राशि के रूप में एक हजार रुपये उपलब्ध कराया गया है। घायल का मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में उपचार चल रहा है।




# दीपावली पर स्व-सहायता समूह की महिलाओं की पहल

**★ मिट्टी के दिये से दिवाली मनाने की परंपरा और संस्कृति संरक्षित करती स्व-सहायता समूह की महिलाएं ★ मिट्टी के दीपों से 20 हजार रुपये की कमाई**






**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ''बिहान'' के अंतर्गत गठित महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा दीपावली के अवसर पर रंग-बिरंगे मिट्टी के दीयों का निर्माण और विक्रय किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्थानीय महिलाओं को आजीविका प्रदान करना है बल्कि परंपरागत हस्तकला को बढ़ावा देना भी है। विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम पंचायत सरनाडीह क्लस्टर अंतर्गत गठित ज्योति महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन में दीपों की बिक्री के लिए स्टॉल लगाया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों ने मिट्टी के दियों को खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनकी कला की प्रसंशा की। समूह की इस मेहनत का परिणाम यह रहा कि एक ही दिन में कुल 200 पैकेटों की बिक्री कर 20,000 रुपये की आय प्राप्त हुई। ज्योति महिला स्व-सहायता समूह द्वारा बनाए गए इन दीपों की विशेषता उनकी आकर्षक रंग-बिरंगी सजावट है, जो पारंपरिक शैली और आधुनिक डिजाइनों का अद्भुत संगम है। समूह की सदस्याओं ने दीपावली की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार के दीयों का निर्माण किया है, जिन्हें लोगों ने दीपावली के सजावट के लिए प्राथमिकता से खरीदा। कलेक्टर श्री एक्का ने भी इस पहल की प्रशंसा की और बलरामपुर के नागरिकों से स्थानीय उत्पादों को समर्थन देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और भविष्य में ऐस प्रयासों को और बढ़ावा दिया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रेना जमील ने समूह की महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि ''बिहान'' मिशन के माध्यम से इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और आर्थिक सशक्तिकरण में सहायता मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयासों से न केवल समूहों की आय में वृद्धि होती है, बल्कि पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से बने उत्पादों के उपयोग को भी प्रोत्साहन मिलता है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित अन्य के विरूद्ध केस दर्ज

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम किशुन नगर में बीते 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे के बीच सरगवां में किए गए चक्काजाम के मामले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता सहित 20-25 कांग्रेसियों के विरूद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है।

अभिषेक माली ने दर्ज कराए गए रिपोर्ट में बताया है कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त तिथि को अनावश्यक रूप से अंबिकापुर-कल्याणपुर मार्ग पर दिन में 12 बजे से 2 बजे तक सड़क में कुर्सी लगाकर आने-जाने के रास्ता को बंद कर दिया गया था, जिससे करीब 2 घंटे तक इस मार्ग से यातायात पूरी तरह से बंद रहा। दो पहिया व चार पहिया वाहनों एवं आम जनता का आवागमन नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राहगीर की रिपोर्ट पर पुलिस ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित अन्य के विरूद्ध बीएनएस की धारा 126(2), 191(2) का मामला दर्ज किया है।

## मूक बधिर बच्चों के साथ महिला मंडल ने मनाई दीपावली

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** दीपावली पर्व के अवसर पर आज जगन्नाथ मंदिर की महिला मंडल द्वारा मूकबधिर बच्चों के साथ छोटी दिवाली मनाया गया। बुधवार को नरक चतुर्दशी एवं छोटी दिवाली के अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर की महिला मंडल बिश्रामपुर द्वारा नगर के ज्ञानोदय मुकबधिर विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के बीच पहुंचकर दिवाली का उत्सव उनके संग मनाया। इस अवसर पर बच्चों को फल, मिठाई एवं पटाखे वितरण एवं दीप जलाकर बच्चों के साथ दिवाली का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ कुंवर मनी देवीरी, नरहरि स्वाई, श्रीनाथ देवीरी सहित महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, अनुराधा प्रधान, मीरा महापात्रा, पिंकी प्रधान, नीलाद्री साहू, ममता यादव, लक्ष्मी नायक, नर्मदा, लीलावती स्वाई, मंजू स्वाई, कुमारी देवरी व अन्य उपस्थित थे। महिला मंडल अध्यक्ष दीप्ति स्वाई ने कहा कि हम लोग प्रयास करते हैं कि प्रति त्यौहार में मूक बधिर बच्चों के साथ शामिल होकर खुशियां बांट




सकें। समाज के सभी सक्षम वर्गों को भी ऐसे अवसरों पर इन्हें भी अपना पारिवारिक सदस्य समझते हुए अपने त्योहारों की खुशियों में शामिल करना चाहिए, जिससे इन मूक बधिर बच्चों को भी अपना परिवार मिल जाएगा।

## सीएचसी में दो वर्ष से नहीं हुई जीवन दीप समिति की बैठक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में पिछले दो वर्षों से जीवन दीप समिति की बैठक न होने से कई कार्य ठप पड़े हुए हैं। ज्ञात हो कि जीवन दीप समिति का क्षेत्रीय विधायक पदेन अध्यक्ष होता है। पिछले कांग्रेस सरकार में पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की अगुआई में जीवन दीप समिति की अंतिम बैठक सिलफिली पिलखा क्षीर में हुई थी, जिसके बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन को लगभग एक वर्ष होने को हैं लेकिन आज पर्यंत समिति की बैठक नहीं हो सकी है। जिस वजह से अस्पताल के कई जरूरी कार्य पेंडिंग पड़े हुए हैं। ज्ञात हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में पदस्थ मेडिसिन चिकित्सक डॉ. शैलेश गुप्ता ने अपना मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में अटैच करा लिया है, जिसके बाद बिश्रामपुर अस्पताल में एक चिकित्सक की कमी हो गई है। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवा ठप हो गई है। यूं तो बिश्रामपुर अस्पताल शुरू से ही विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी से जूझ रहा है। साथ ही लोगों को चिकित्सा क्षेत्र में मिलने वाली कई सुविधा यहां पर मिल नहीं पा रही है, जबकि सूरजपुर के बाद जिले का सबसे बड़ा अस्पताल बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है।



यहां रोजाना करीब डेढ़ से दो सौ की ओपीडी लगती है। यहां पर बीस से पच्चीस गांव के लोग इलाज के लिए रोजाना पहुंचते हैं। करीब ढाई साल से जीवनदीप समिति की बैठक नहीं होने की वजह से आमजन को मिलने वाली उचित स्वास्थ्य सेवा से लोगों को दो चार होने विवश होना पड़ रहा है। सुरजपुर बीएमओ व सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित भगत ने बताया कि जल्द ही जीवनदीप समिति की बैठक कराए जाने हेतु प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## सीएसआर मद से अब चलाई जाएगी मोबाइल मेडिकल यूनिट

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल द्वारा अब सीएसआर अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपने सभी संचालन क्षेत्रों के आस-पास के रहवासियों के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच को और बढ़ाने के लिए एसईसीएल के संचालन जिलों में एसईसीएल यूनिट के 25 किलोमीटर के भीतर एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में उक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट चलाए जाएंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिटों की सेवाएं आम बीमारियों के लिए प्राथमिक देखभाल सेवाएं प्रदान करेंगी, जिसमें संचारी और गैर-संचारी रोग, प्रजनन बाल स्वास्थ्य सेवाएं, स्क्रीनिंग गतिविधियां और उच्च निदान, उपचार केंद्रों में रेफरल शामिल हैं। यह एमएमयू पॉइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक्स प्रदान करेंगे। इनमें ब्लड शुगर , गर्भावस्था परीक्षण, एल्ब्यूमिन और शर्करा, एचबी, ऊंचाई, वजन, दृष्टि परीक्षण, रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर के लिए 35 से अधिक आबादी की सालाना जांच जिसमें दवाओं की आवश्यकता वाले रोगियों को साप्ताहिक आपूर्ति उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मिर्गी प्रदान किया जाएगा। यह स्वास्थ्य जागरूकता बेहतर निवारक और प्रोत्साहक व्यवहार, जीवनशैली में बदलाव के बारे में समुदाय को शिक्षित करना, गैर-संचारी रोगों की जांच की आवश्यकता और शीघ्र पहचान और उचित रेफरल की सेवा देंगे और सिकलसेल एनीमिया के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करना तथा हृदय के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मशीन की सुविधा भी उपलब्ध कराएंगे। ज्ञात हो कि लोक उद्यम विभाग भारत सरकार द्वारा इस वित्तीय वर्ष में सीएसआर कार्यों की थीम स्वास्थ्य एवं पोषण निर्धारित की गई है।

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर दीप प्रज्वलित कर परिवार और समाज के साथ खुशियां मनाएं : कलेक्टर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** आगामी एक नवंबर 2024 को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस मनाया जाना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परिपत्र जारी कर आगामी 01 नवंबर को जिला मुख्यालयों और प्रमुख नगरों में दीप प्रज्वलित करने कहा है।

कलेक्टर सरगुजा ने जिले के समस्त जिलेवासियों को दीप पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आगामी 01 नवम्बर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित कर खुशियां मनाने की अपील की है। उन्होंने



कहा कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर हो एवं राज्य में खुशहाली एवं समृद्धि कायम रहे। राज्योत्सव के अवसर पर जिलेवासियों से अपील है कि इस पावन अवसर को त्यौहार के रूप में मनाएं एवं अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यस्थलों पर सजावट करें एवं दीप प्रज्वलित कर राज्योत्सव की खुशियां पूरे परिवार एवं समाज के साथ मिलकर मनाएं। खुशहाली का यह दीप जिले के सभी घरों, गांवों, पंचायतों, नगरों एवं विकासखण्डों में भी प्रज्वलित हो। उन्होंने सभी को दीपावली एवं राज्योत्सव की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने अस्पताल में बीमारों के बीच सेवाभावी कार्य किया

**माई भारत पोर्टल के 01 वर्ष पूर्ण होने पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की पहल**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** माई भारत पोर्टल के एक वर्ष पूर्ण होने के मौके पर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी रानी रजक के नेतृत्व में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीसरे दिन 29 अक्टूबर को एनएसएस के स्वयंसेवकों ने के.डी. अस्पताल में सेवा कार्य किया। सिस्टर सुजीता कुशवाहा ने इन्हें अस्पताल में उपलब्ध आपातकालीन सेवा, ओपीडी, पैथोलॉजी, इमेजिंग सहित अन्य जानकारी दी। इसके पश्चात सिस्टर के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक यहां की गतिविधियों का अवलोकन किए। सिस्टर ने प्रत्येक वार्डों के बारे में बताया। स्वयंसेवक यहां किस प्रकार अपनी सेवाएं दे सकते हैं, इससे अवगत हुए। सि. सुजीता ने बताया कि अस्पताल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। स्वयंसेवक यहां उपस्थित मरीजों से मिलकर भर्ती होने के कारण से अवगत हुए। सड़क दुर्घटना में घायल होकर भर्ती हुए मरीजों से स्वयंसेवकों ने दोपहिया वाहन चलाते समय गंभीर क्षति से बचने के लिए हेलमेट पहनने का आग्रह किया। बड़ी वाहनों से दूरी बनाकर चलने कहा गया। स्वयंसेवकों ने इस दौरान मरीजों की सेवा और उनके परिवार का जरूरत के अनुरूप सहयोग किया। मरीजों व उनके स्वजनों से बातचीत करके उनका मानसिक




तनाव कम किया और मनोबल बढ़ाया। अंत में आईसीयू वार्ड में भर्ती क्रिटिकल मरीजों को देखा। ऐसे में स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य सेवाओं की प्रणाली, सामाजिक सेवा की आवश्यकता और चिकित्सा कर्मचारी की भूमिका के बारे में गहन जानकारी प्राप्त हुई। इस दौरान महाविद्यालय की सहायक अध्यापक प्रियालता जायसवाल, प्रीति साहू, उर्मिला यादव, सविता यादव, राधिका चौहान, पूजा रानी, अशैक्षणिक कर्मचारी गोल्डन सिंह की उपस्थिति रही।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, जिपं निर्वाचन क्षेत्र का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के साथ पठित छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर सरगुजा द्वारा जिला पंचायत का निर्वाचन क्षेत्र निर्धारण किया गया है। इसकी सूची जिला पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालयों एवं एसडीएम कार्यालयों में चस्पा होगी।

आम जन इन कार्यालयों के सूचना पटल पर सूची का अवलोकन कर सकेंगे। निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी वयस्क निवासी, इस संबंध में दावा आपत्ति हेतु 7 नवंबर 2024 तक कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार कर तत्पश्चात अंतिम विनिश्चय प्रकाशित किया जाएगा।

## रौशनी पर उमाकांत पाण्डेय की चार रचनाएं

मालूम नहीं कितनी सदियों से कलत
मालूम नहीं कितनी सदियों से
करता है रतजागा दीपक
निशा गोद में जग सोया पर
जलता रहा अभागा दीपक
एक निष्ठ हो पूर्ण समर्पित
स्वयं को जलाया है उसने
तन मन दे अभ्यर्थना का
पाठ पढ़ाया है उसने
इससे ज्यादा बलिदानी
अब कोई विश्व में क्या होगा
नि:स्वार्थ भाव से सेवा का
पर्याय दूसरा क्या होगा
कि मात्र बूंद भर तेल छोड़कर
कभी भी कुछ न मांगा
दीपक..
जब जब निगला तिमिर ने
जग को
अपने श्याम घन गह्वर में
तन प्राण से लड़ता रहा
अकिंचन
त्राण दिया जा घर घर में
भले निशा न छंटी हो काली
दिये ने किंतु दिया बहुत
एक भाव से अंतिम क्षण तक
जितना भी हो लड़ा बहुत
अवनी से अंबर तक बुनता
रहा रश्मि का धागा दीपक
निशा गोद में जग सोया पर
जलता रहा अभागा दीपक

आज दिये ने पूर्ण रात्रि जलने
की शपथ उठाई है
जितनी कोपित यह आमावस
की काली परछाई है
उससे ज्यादा क्रुद्ध इस दुर्बल
बाती की अंगड़ाई है
इसको अपनी उर्जा का
उपयोग करने दो जलने दो
लौट की नीली पुंगी को
नीरवता में खूब मचलने दो
की सदियों से चली आ रही
निशा से इसकी लड़ाई है...

मत छेड़ पवन निश्कलुष इस
नन्हे पौरुष को मुस्कानें दे
शुभ्र भोर की पलक पर
इसकी आभा को सो जाने दे
बस इसी तरह जल -जल कर
मिट जाने में इसकी बड़ाई
है...

न जाने कितने युग के झेले
इसने झंझावात प्रबल
किन्तु परिलक्षित होती रही
इसकी पुलकित सामर्थ्य
अनल
इस सोनवर्णी दिये ने कयी
भटकों को राह सुझाई है
आज दिये ने पूर्ण रात्रि जलने
शपथ उठाई है

ओ चिर प्राण दीपक ले मेरा
प्रणाम
भूल नहीं सकता जग तेरा प्राण
दान

तेरे अनल भ्रूणांकुर से
पल्लवित है हुई उषा
बहुत कठिन श्रम से तेरे
पद दलित है हुई निशा
तेरी मधुर मुस्कान कण कण
में अब बिखर गई
तेरी पावन अर्चना से,सहम
सहमत तिमिर गई
देख लोहित रंग गगन का
अब तो कर विश्राम...

कितना भी घना निशिथ हुआ
निर्भिक तू जलता रहा
अंबर की छांव,अवनि की
गोद में
अनल में ढलता रहा
तेरा यह बलिदान देख ले
गया नहीं अकारण
आत्मदाह कर किया है तुमने
विश्व का कष्ट निवारण
होते होते निस्तेज तेज हो
दे दिया अभय दान
ओ चिर प्राण दीपक
ले मेरा प्रणाम...

मम हृदयं अति उल्लासं बदते
आज सबके अधरों से उतरते
मम हृदयं अति उल्लासं बदते

अटी पड़ी अवनि को तिमिर
से
मिला प्रथम स्पर्श उषा का
रजनी उतरी तो थी धरा पर
छाया था किन्तु तिलस्म प्रभा
का
जहां जहां दृष्टि ने छुआ
तृण तृण लोकित दृष्टि से कहते
मम हृदयं अति उल्लासं बदते

मिटा क्लेश और राग द्वेष
आभास हुआ प्रति पल विशेष
आज नहीं दिवस अवसान
हुआ
बल्कि इक नया विहान हुआ
दीप दान कर उल्लासित हो
सब नूतन रव में बहते
मम हृदयं अति उल्लासं बदते

****



**उमाकांत पाण्डेय**
**अम्बिकापुर**

## मेरिट में आए विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना में छ.ग. बोर्ड के कक्षा 10 वीं 12 वीं की मेरिट में आए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को लक्ष्य की सीमा में 15 हजार रुपये राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए जाने हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल की वेबसाइट स्कॉलरशिप. सीजी.एनआईसी के माध्यम से आवेदन करने हेतु पोर्टल आरंभ किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा ने बताया कि उक्त पोर्टल के होम पेज पर मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना सत्र 2024-25 में छ.ग. बोर्ड के कक्षा 10 वीं 12 वीं की मेरिट में आये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की मेरिट सूची भी देखी जा सकती है। छ.ग. बोर्ड के कक्षा 10वीं एवं 12वीं की मेरिट में आये विद्यार्थियों की सूची संबंधित प्राचार्य, शासकीय, अशासकीय, उ.मा.वि., हाई स्कूल जिला सरगुजा को प्रेषित किया गया है।


उन्होंने बताया कि छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के मेरिट सूची में आए पात्र विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन के समय लगने वाले आवश्यक दस्तावेज (बोर्ड परीक्षा के रोल नम्बर का उपयोग कर पंजीयन आवश्यक प्रमाण पत्र (ऑनलाइन बने स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, कक्षा 12वीं की स्थिति में महाविद्यालय स्तर के बोनाफाइड प्रमाण पत्र, महाविद्यालय का शुल्क रसीद, बैंक खाता की जानकारी भरेंगे। आवश्यकतानुसार जरूरी प्रमाण पत्र अपलोड करें तथा 21 नवम्बर 2024 को सायं 05 बजे लक्ष्य सीमा में पात्र सभी विद्यार्थियों को पंजीयन कर

## अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल की इलाज दौरान मौत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सिधमा निवासी एक युवक अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल हो गया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक 23 अक्टूबर की शाम लगभग 7 बजे निर्मल दास पिता स्व. श्यामलाल 45 वर्ष पैदल जा रहा था, इसी दौरान चाची मोड़ के पास अज्ञात वाहन का चालक उसे ठोकर मार दिया। दुर्घटना में उसे अंदरूनी चोटें आई थी। घटना की सूचना पर पुलिस ने उसे राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया था और उसके भाई कमला दास को मोबाइल फोन पर दुर्घटना की सूचना दी थी। स्वजन अस्पताल पहुंचे तो निर्मल दास की स्थिति गंभीर थी और वह बातचीत नहीं कर रहा था। चिकित्सक के द्वारा इलाज के बाद रिफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, इलाज के दौरान 29 अक्टूबर को रात 9 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।




Created by Universal Document Converter

सम्पादकीय

# प्रदूषित आबोहवा से मुक्ति के स्थाई उपाय किए जाएं

दो दिन बाद दीपावली है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली व एनसीआर की आबोहवा जहरीली बनी हुई है। दिल्ली सरकार प्रदूषण को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रही है, वायु प्रदूषण कम करने के उपाय कर रही है, एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) सरकारों और प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों पर सख्त है, सुप्रीम कोर्ट भी लगातार चेतावनी दे रहा है, फिर भी दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र में हवा दमघोंटू बनी हुई है। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ा हुआ है कि लोगों के लिए स्वच्छ ऑक्सीजन मिलना कठिन हो गया है, श्वास जनित मरीजों की तादाद बढ़ रही है। वायु प्रदूषण स्तर अधिक होने के लिए दिल्ली-एनसीआर की तुलना गैस चैंबर से होने लगी है। कमाल की बात है कि दिवाली से करीब एक माह पहले तंत्र के सभी अंग जगते हैं और बढ़ते प्रदूषण को लेकर चेताने लगते हैं। यह ट्रेंड वर्षों से हैं, वर्ष के बाकी समय इतिश्री मोड में रहते हैं। यदि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक कार्ययोजना के तहत वर्ष भर प्रयास किए जाएंगे तो दिवाली के समय ऐसी खतरनाक स्थिति नहीं बनेगी। प्रतिबंध के बावजूद पटाखे बिकते हैं। सरकार अगर काम पर फोकस करे, तो राज्यों का अधिक भला होगा। दुखद स्थिति है कि प्रशासनिक पदों पर आसीन लोग भी जनकल्याण छोड़कर राजनीति के अंग बन जाते हैं। ऐसे में प्रदूषण कैसे कम होगा। जब तक शासन व प्रशासन हरित विकास मॉडल को आगे नहीं बढ़ाएंगे, प्रदूषण के स्रोतों पर लगाम नहीं लगाएंगे, जलवायु को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कड़े मानदंडों का पालन नहीं करवाएंगे, तब तक शहरों की आबोहवा जीने लायक कैसी बनेगी? संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन पर काबू पाने के लिए देशों की मौजूदा राष्ट्रीय कार्य योजनाएं 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन में 2019 के स्तर के मुकाबले महज 2.6 फीसदी की कमी ला पाएंगी। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की संस्था, जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल ने कहा कि वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वैश्विक उत्सर्जन में 2030 तक 43 फीसदी और 2035 तक 60 फीसदी कमी लाना जरूरी होगा। ताजा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के हिसाब से 2030 में कुल वैश्विक ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन (भूमि उपयोग, भूमि उपयोग परिवर्तन एवं वानिकी और एलयूएलयूसीएफ को छोड़कर) लगभग 51.5 (48.3-54.7) गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर होगा। यह स्तर 1990 के मुकाबले 49.8 फीसदी और 2010 के मुकाबले 8.3 फीसदी अधिक, जबकि 2019 की तुलना में 2.6 प्रतिशत और 2025 के अनुमानित स्तर की तुलना में 2.8 प्रतिशत कम होगा, जिससे संकेत मिलता है कि वैश्विक उत्सर्जन 2030 से पहले ही चरम पर पहुंच सकता है। यूएन की इस रिपोर्ट से साफ है कि तापमान कम करने की दिशा में भारत समेत विश्व के अधिकांश देशों का रवैया बहुत ढीला है। हाल के वर्षों में अत्यधिक सर्दी व गर्मी पड़ रही है, जो जलवायु परिवर्तन के चलते हो रही है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रीनहाउस गैस का स्तर 2023 में एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया जिसमें पिछले केवल दो दशकों में 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई। भारत सरकार को अलर्टमोड में आकर पर्यावरण की सेहत बिगाड़ने वाले कारकों को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। वरना केवल दिवाली के मौके पर ही नहीं, वरन सालभर देश की आबोहवा जहरीली बनी रहेगी। प्रदूषित आबोहवा से मुक्ति के त्वरित व स्थाई उपाय किए जाने की आवश्यकता है।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# पश्चिम एशिया ने बढ़ाई आर्थिक चिंताएं

**वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट का माह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी हैं। शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है।**

हाल ही में 26 अक्टूबर को इजरायल के द्वारा ईरान के हमले के जवाब में ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमले, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने से भारत की आर्थिक चिंताएं बढ़ गई हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा इजराइल और ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं।

स्थिति यह है कि वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना बड़ी संख्या में निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्टूबर 2024 दो साल की बड़ी गिरावट का माह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी रुख कर रहे हैं। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी हैं। चूंकि कच्चे तेल के वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है और अब यदि कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेगी तो दुनियाभर में कई वस्तुओं के दाम बढ़ने के साथ-साथ भारत में भी कीमतें बढ़ने का सिलसिला शुरू हो सकता है। चूँकि ईरान दुनिया के सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे । इसका असर भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा, क्योंकि भारत अपनी तेल की जरूरतों के करीब 80 फीसदी तक आयात पर निर्भर है। एक चिंताजनक बात यह भी है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है।

ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और इजरायल के बीच युद्ध का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग पर भी पड़ सकता है, क्योंकि भारत अभी भी ज्यादातर दवाओं के लिए कच्चे माल का बड़ा हिस्सा विदेश से आयात करता है। ऐसे में दवाओं की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका होगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई वृद्धि का दौर निर्मित होते हुए दिखाई दे रहा है। लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय



अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं हो सकेगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भी भारत पर दुनिया का आर्थिक विश्वास बना हुआ है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक 27 सितंबर को भारत के पास रिकॉर्ड स्तर पर 704 अरब डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे भारत किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है।

फिर भी पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारत को महंगाई पर सतर्क निगाहें रखनी होंगी। विगत 14 अक्टूबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज, टमाटर के साथ हरी सब्जियों की कीमतों में करीब 36 फीसदी वृद्धि तथा महंगी हुई दालों ने सितंबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर को नौ माह के उच्चतम स्तर 9.24 प्रतिशत पर पहुंचा दिया, जोकि माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल से सितंबर में थोक महंगाई दर भी 1.84 प्रतिशत पर पहुंची है, जो कि माह अगस्त में 1.31 प्रतिशत थी। खुदरा और थोक महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि आलू, प्याज और टमाटर के दाम कम नहीं होने से जो खुदरा महंगाई दर सितंबर माह में पांच प्रतिशत के पार हो गई, वह माह अक्टूबर में भी पांच फीसदी के पार जा रही है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच अब सरकार को भी महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में अधिक तनाव बढ़ने पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था और अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा। वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। हम उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने पर सरकार बाजार की गिरावट रोकने के लिए भी रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले जिन 35 प्रमुख कच्चे मालों (एपीआई) का उत्पादन देश में ही कर रही है, उनके अलावा करीब 18 प्रकार के एपीआई का उत्पादन भी देश में ही करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी, ताकि दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। ऐसे बहुआयामी रणनीतिक प्रयासों से देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को पश्चिम एशिया संघर्ष और विस्तारित होते रूस-यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों से बहुत कुछ बचाया जा सकेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धनतेरस विशेष
चेतनादित्य आलोक




# ब्रह्मांड के प्रथम चिकित्सा विज्ञानी भगवान धन्वंतरि

दिवाली से दो दिन पहले यानी कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाने वाला अत्यंत लोकप्रिय त्योहार 'धनतेरस' या 'धनत्रयोदशी' सनातन धर्म में धन-धान्य ही नहीं, बल्कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत की भी समृद्ध विरासत का प्रतीक है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यही वह दिन है, जब समुद्र मंथन के दौरान ब्रह्मांड के प्रथम चिकित्सा-विज्ञानी भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए थे। समुद्र से निकले कुल 14 रत्नों में तेरहवें क्रम में प्रकट हुए चतुर्भुजधारी भगवान धनवंतरि के एक हाथ में आयुर्वेद शास्त्र, दूसरे में वनस्पति यानी औषधि, तीसरे में शंख, और चौथे हाथ में अमृत-कलश था। बता दें कि इससे पूर्व समुद्र से 12 रत्न निकल चुके थे, जिनमें आश्विन महीने की पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा को चंद्रदेव तथा कार्तिक द्वादशी को कामधेनु गाय का प्राकट्य होना शामिल है। समुद्र से निकले रत्नों में सर्वप्रथम 'कालकूट' विष निकला था, जिसके ताप से समस्त सृष्टि में हाहाकार मच गया था। सभी देवता और दानव उस विष के ताप से जलने लगे और उनकी चमक फीकी पड़ने लगी। तत्पश्चात सभी ने मिलकर भगवान शिव से प्रार्थना की। उनकी प्रार्थना से द्रवित होकर महादेव भगवान शिव ने इसका पान कर अपने कण्ठ में धारण कर लिया। हलाहल विष के प्रभाव से भगवान शिव का कण्ठ नीला पड़ गया, जिसके कारण वे 'नीलकण्ठ' कहलाए। विषपान के बाद शारीरिक दाह मिटाने हेतु भगवान शिव को भगवान धनवंतरि ने ही अमृत प्रदान किया था। श्रीमद्भागवत पुराण में वर्णित है कि भगवान धनवंतरि की छवि अत्यंत मोहक थी। उनका शरीर बादलों-सा उज्ज्वल और प्रदीप्त था। उनके नेत्र कमल के समान सुंदर और मोहक थे। उनका वक्ष सख्त एवं विशाल था और उनके हाथ लम्बे थे। गले में अनेक प्रकार के रत्नाभूषणों एवं विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंफित वनमाला तथा शरीर पर पीताम्बर धारण करने वाले भगवान धनवंतरि चिर युवा प्रतीत होते थे। ग्रंथों में वर्णन है कि भगवान धनवंतरि ने प्रकट होते ही आयुर्वेद का परिचय कराया था। यही कारण है कि देवी-देवताओं के वैद्य भगवान धनवंतरि को आयुर्वेद महाविज्ञान का प्रवर्तक भी माना जाता है। हालांकि आयुर्वेद महाविज्ञान के संबंध में स्थापित सत्य यह है कि सर्वप्रथम ब्रह्मा जी ने एक लाख श्लोकों वाले आयुर्वेद शास्त्र की रचना की। इसीलिए इसका एक नाम 'ब्रह्म-संहिता' भी है। भगवान धनवंतरि के प्राकट्य से पहले आयुर्वेद गुप्त था। एक पौराणिक कथानुसार भूलोक में प्राणियों को बीमारियों से पीड़ित एवं मृत्यु का शिकार होते देख भगवान श्रीहरि विष्णु को दया आ गई। उन्होंने 'चर' की भांति छिपकर विशुद्ध नामक ऋषि के रूप में पृथ्वी पर अवतार लिया और 'चरक' कहलाए। बाद में उन्होंने ऋषि-मुनियों द्वारा रचित विविध संहिताओं को परिमार्जित कर 'चरक संहिता' नामक महान चिकित्सा शास्त्र की रचना भी की। एक अन्य पौराणिक कथा के अनुसार एक बार देवराज इंद्र ने भूलोक पर देखा कि बड़ी संख्या में लोग रोगग्रस्त हो रहे हैं। उसके बाद उनकी प्रेरणा से भगवान धनवंतरि ने काशी के राजा दिवोदास के रूप में अवतार लिया। कालांतर में अपने पिता विश्वामित्र की आज्ञा से महर्षि सुश्रुत अपने साथ एक सौ ऋषि-पुत्रों को लेकर काशी पहुंचे और राजा दिवोदास, जिन्हें 'काशीराज' भी कहा जाता था, से आयुर्वेद की शिक्षा प्राप्त की। बाद में उन ऋषि-मुनियों ने लोक-कल्याणार्थ अपनी-अपनी संहिताओं एवं ग्रंथों की रचना की। महर्षि सुश्रुत द्वारा रचित संहिता का नाम 'सुश्रुत-संहिता' है, जो आयुर्वेद का एक प्रामाणिक ग्रंथ माना जाता है। गौरतलब है कि उन ऋषि-मुनियों ने पृथ्वी वासियों के रोगों के निवारणार्थ उपचार की अनेक पद्धतियां भी विकसित कीं। यही वह कालखंड था, जब महान वैद्य एवं चिकित्सा विज्ञानी वाग्भट्ट जी ने भी काशीराज के रूप में लोकप्रिय भगवान धनवंतरि से आयुर्वेद का ज्ञान प्राप्त किया और 'आष्टांग हृदय' नामक ग्रंथ की रचना भी की, जो आयुर्वेद महाविज्ञान का एक मानक ग्रंथ है। बाद में काशी के राजा दिवोदास ने काशी में विश्व का पहला शल्य चिकित्सा विद्यालय स्थापित किया और आचार्य सुश्रुत को उसका प्रधानाचार्य नियुक्त किया। इस प्रकार वास्तव में भगवान धन्वंतरि के माध्यम से ही प्रजापिता ब्रह्मा जी द्वारा प्रदत्त आयुर्वेद महाविज्ञान के अद्भुत, अलौकिक, सार्वकालिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण ज्ञान का पृथ्वी पर प्रचार-प्रसार हुआ। बहरहाल, हमें विरासत में मिली इस आयुर्वेद महाविद्या के ज्ञान को संरक्षित, सुरक्षित एवं प्रचारित करने की आवश्यकता है। साथ ही अनुसंधानों, प्रयोगों एवं उपयोगों के माध्यम से इसे आधुनिक युग और जीवन के अनुरूप सर्वोपयोगी बनाए जाने की भी जरूरत है।

(लेखक धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे प्रानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'


# तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भूलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चीन की अर्थव्यवस्था से भारत का मुकाबला

हमारे देश में दिवाली पर लोग घरों में रोशनी करने के लिए अब चाईनीज सामान लेने में दिलचस्पी दिखाने लगे हैं। इससे दिवाली पर करोड़ों रुपए चीन को चले जाते हैं, जबकि इसी कीमत पर अपने देश में तैयार मिट्टी के दीपक भी मिल जाते हैं। इससे हमारे देश की धनराशि देश में ही रहेगी। लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि सन् 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे। लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया और हमारा देश पिछड़ता गया। अब दोनों की अर्थव्यवस्थाओं में एक खाई क्यों बढ़ चुकी है? इसका कारण यह है कि हमारा विदेशी वस्तुओं से लगाव बहुत ज्यादा हो गया है। *-सुभाष यादव, दुर्ग*

## करंट अफेयर


### पाक में पोलियो के विषाणु पाए जाने पर टीकाकरण



पाकिस्तान के 16 जिलों में पोलिया के विषाणु का पता चलने के बाद सरकार ने देशभर में सोमवार को अपना तीसरा टीकाकरण अभियान शुरू किया, ताकि देश के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो की गिरफ्त में आने से बचाया जा सके। अखबार 'डॉन' में प्रकाशित खबर के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले सप्ताह विश्व पोलियो दिवस पर प्रधानमंत्री आवास में आयोजित एक समारोह के दौरान तीसरे अभियान की घोषणा की थी। उन्होंने वहां बच्चों को पोलियो की खुराक भी पिलाई। पाकिस्तान में पोलियो के खिलाफ तीन नवंबर तक टीकाकरण अभियान चलेगा, जिसका उद्देश्य देश में पोलियो के खतरनाक प्रसार को खत्म करना है। देश में इस साल पोलियो के 41 मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान, स्वास्थ्य विभागों की विशेष टीम घर-घर जाकर 4.5 करोड़ से अधिक बच्चों को टीका लगाएंगी। खबर के अनुसार, अभियान के दौरान बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। खबर में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान द्वारा 16 जिलों से लिये गए नमूनों में पोलियोवायरस टाइप-1 (डब्ल्यूपीवी1) पाए जाने की पुष्टि हुई, जिसके बाद देशभर में तीसरी बार टीकाकरण अभियान शुरू किया गया।

## ऑफ बीट

### आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।

## ट्रेंड

### सांस्कृतिक विरासत



जम्मू-कश्मीर हो या तेलंगाना या फिर छत्तीसगढ़, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए कई लोग असाधारण कार्य कर रहे हैं। उनका यह प्रयास हर देशवासी के लिए एक मिसाल है।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अल्पकालिक राहत



मेरे मुद्दा उठाने के बाद कर्नाटक सरकार ने वक्फ बोर्ड द्वारा किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने का फैसला किया है। यह केवल अल्पकालिक राहत है। वक्फ मंत्री जमीर ने जो वक्फ अदालतें गठित की हैं, उनमें बड़ी गड़बड़ी है। वे कंगारू अदालतें हैं।
**- तेजस्वी सूर्या, भाजपा सांसद**

### बेख़ौफ़ अपराध




एक हत्या का साहस और फिर ज़िलाधिकारी के आवास के पास लाश को दफनाने का दुस्साहस बताता है कि गुनाह करने वाले भाजपा राज में कैसे बेख़ौफ़ अपराध कर रहे हैं।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### कहानी सुनाना पसंद



हिमालयन स्टोरीटेलिंग इंस्टीट्यूट में कहानी सुनाना बहुत पसंद आया। मैं पढ़ाता नहीं हूं, बल्कि छात्रों को अपने अंदर की कहानियां ढूंढने में मदद करता हूं। क्योंकि हम कहानियां सुनाने के लिए पैदा हुए हैं।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**





## 'विजय 69' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** अभिनेता अनुपम खेर की आगामी फिल्म 'विजय 69' है। सोमवार को निर्माताओं ने विजय 69 फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ यह जानकारी दी है कि फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज होगा। इस फिल्म का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। पोस्ट के साथ लिखा है, 'इन्हें सपने ने जिंदा रखा, फिर सपनों ने इन्हें जिंदा रखा है।' इसके अलावा अनुपम खेर ने एक और पोस्ट साझा किया है, इसमें वे अपने 40 साल की फिल्मी यात्रा को याद करते नजर आए हैं। एक्टर ने लिखा है, 'दोस्तों! मुझे याद ही नहीं रहा कि मैंने भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में 40 साल पूरे कर लिए हैं। मेरी आगामी रिलीज विजय 69 की मार्केटिंग मीटिंग के दौरान मुझसे कम से कम 30-40 साल छोटे लोगों ने मुझे इस बारे में बताया। इसने मुझे भावुक कर दिया।

लाइफ Style



# ईशा
## कास्टिंग काउच से हुआ सामना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईशा कोप्पिकर इन दिनों बॉलीवुड से ज्यादा साउथ और मराठी फिल्मों में नजर आ रही हैं। हाल ही में उन्होंने कास्टिंग काउच से जुड़ा एक बयान दिया। इस बयान ने एक बार फिर बॉलीवुड के काले पक्ष को सबके सामने लाकर खड़ा कर दिया।

ईशा कोप्पिकर ने साल 2000 में हिंदी फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया। कुछ ही समय में वह अपने लिए बॉलीवुड में अलग पहचान बनाने में कामयाब रही। एक तरफ उन्होंने जहां अच्छी भूमिकाएं कई फिल्मों में कीं और अभिनय करने का खूब आनंद लिया, वहीं बॉलीवुड के एक स्याह पक्ष से भी ईशा रूबरू हुईं। दरअसल, उन्हें अपने करियर के शुरुआती दौर में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा। इसी बारे में एक इंटरव्यू में ईशा कोप्पिकर ने खुलकर बात की। ईशा बताती हैं, 'मेरी उम्र उस समय महज 18 साल रही होगी। मुझे उस समय एक नामी हीरो के सेक्रेटरी ने संपर्क किया। उन्होंने कहा कि अगर काम पाना है तो अभिनेता के साथ थोड़ा फ्रेंडली होना होगा। मैं वैसे तो एक मिलनसार लड़की थी, लेकिन यहां पर फ्रेंडली का कोई और मतलब था। इसी तरह एक बार एक अभिनेता ने भी मुझे अकेले मिलने को बुलाया। ईशा ने यह भी बताया कि वह अभिनेता काफी नामी था। अगर ईशा के करियर की बात की जाए तो उन्होंने बॉलीवुड में काम करना काफी कम कर दिया है। साल 2022 में उन्होंने एक फिल्म 'लव यू लोकतंत्र' की। इसके बाद से वह बॉलीवुड के किसी प्रोजेक्ट में नजर नहीं आईं।

हॉलीवुड मसाला



## इस हॉरर मूवी को देख कांपेगी रूह

**नई दिल्ली।** 50 साल पहले एक ऐसी डरावनी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी, जिसकी पहली झलक ने ही दर्शकों को डरा दिया था। हाल ऐसा था कि टीजर ट्रेलर को सिनेमाघरों में कहते हुए बैन किया गया कि यह बहुत डरा देने वाला है। इतना ही नहीं कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि इस फिल्म ने कई लोगों की जानें भी लीं। जबकि लीड एक्ट्रेस को जान से मारने की धमकी भी मिली। वहीं अगर आज भी दर्शक देख लें तो लोगों की रूह कांप उठेगी।



## हैरी पॉटर के हैं आठ पार्ट, अब तक कर चुकी है 581 अरब कमाई

**नई दिल्ली।** एक ऐसी फिल्म है, जिसके अब तक 8 पार्ट आ चुके हैं और आठ के आठ सफल रहे हैं। इतना ही नहीं, इन सभी ने मिलकार करीबन 581 अरब की कमाई की है। यह बच्चों से लेकर बड़ों की फेवरेट फिल्म रह चुकी है। यह हॉलीवुड फिल्म हैरी पॉटर है, जिसे दर्शकों का बेइंतहा प्यार मिला और आज भी इस सीरीज की फिल्म को ओटीटी पर फैंस देखते हैं और बुक भी खरीदते हुए नजर आते हैं। फिल्म की कहानी जादुई है, जिसमें हैरी नाम का एक बच्चा, जिसके माता- पिता जादूगर होते हैं। लेकिन, वह मर जाते हैं। वहीं, उसे एक ऐसे हॉगवर्ड्स स्कूल में एडमिशन मिलता है, जहां वह जादू की पढ़ाई करता है। इस सफर में उसके हर्माइनी और रॉन दो खास दोस्त बनते हैं और चुनौतियां का सामना करने में साथ देते हैं।



## टीवी सितारों से सजी दिवाली पार्टी...

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर बॉलीवुड में पार्टी और जश्न का सिलसिला जारी है। टीवी जगत से लेकर फिल्म इंडस्ट्री के सितारे इन आयोजनों में चार चांद लगा रहे हैं। निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने विगत दिनों भव्य दिवाली पार्टी का आयोजन किया। इस आयोजन में टीवी जगत के कई लोकप्रिय कलाकार शामिल हुए। ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रहीं हिना खान भी पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने अपने खूबसूरत अंदाज से सारी लाइमलाइट लूट ली। टीवी जगत की चर्चित अभिनेत्री हिना भी एकता की पार्टी में पहुंचीं और बेहद खूबसूरत अंदाज में नजर आईं। मल्टीकलर लहंगे में पार्टी में शरीक हुईं हिना ने पार्टी में चार चांद लगा दिए। उन्होंने पैपराजी को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और फिर खूब पोज दिए।



## सिंगल स्टेट्स से पाना चाहते हैं छुटकारा

**मुंबई।** निर्माता निर्देशक करण जौहर सोशल मीडिया पर निर्देशक नहीं, बल्कि एक पिता की तरह ही दिखाई देते हैं। करण जौहर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अक्सर अपने परिवार से जुड़ी तस्वीरें और वीडियोज साझा करते रहते हैं। हालांकि, निर्माता ने कई बार खुलासा किया है कि वह अकेले नहीं रहना चाहते हैं और पार्टनर की तलाश कर रहे हैं। अब निर्माता ने अपने हालिया पोस्ट में भी इस बात की ओर संकेत किया है। करण ने बताया है कि दिवाली पार्टियों में अकेले जाकर वह खुश नहीं हैं। करण ने बताया कि दिवाली पार्टी में लोगों की भीड़ के बीच भी वह खुद को अकेला महसूस करते हैं और सोचते हैं कि वह कब अपने सिंगल स्टेटस से छुटकारा पाएंगे। इससे पहले करण ने एक पुराने इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने अब शादी करने का विचार छोड़ दिया है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस के घर में खत्म हुआ नायरा का सफर...

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' से टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी की छुट्टी हो गई है। शो के वीकएंड का वार एपिसोड में उनका एलिमिनेशन हो गया। इस बार शो में 'सिंघम अगेन' के निर्देशक रोहित शेट्टी और एक्टर अजय देवगन पहुंचे। रोहित ने प्रतिभागियों से मजेदार टास्क कराए। इसके बाद नायरा के एलिमिनेशन का ऐलान भी उन्होंने ही किया। इस बार नायरा बनर्जी, विवियन डीसेना, रजत दलाल और अविनाश मिश्रा को नॉमिनेट किया गया था। इस बार शो में सलमान खान ने रोहित शेट्टी को ये जिम्मेदारी सौंपी कि वे नामांकित प्रतिभागियों में से किसी एक को एविक्ट करेंगे। रोहित शेट्टी ने नायरा बनर्जी का नाम लिया और इसी के साथ बिग बॉस हाउस में नायरा का सफर पूरा हुआ। नायरा के एलिमिनेशन से श्रुतिका भावुक नजर आईं। उन्होंने नायरा ने लिए कहा, 'तुम शो से जाने की हकदार नहीं हो'। 'बिग बॉस 18' में इस वीकएंड का वार में नया ही गेम देखने को मिला। इस बार प्रतिभागियों के दिल चेक किए गए। इस गेम में देखा गया गया कि किस कंटेस्टेंट का दिल सबसे ज्यादा काला है। इस गेम में दो-दो की जोड़ी में लोगों को बुलाया जा रहा था और इसके बाद घरवाले अपने वोट से काले दिल वाले को पॉइंट आउट कर रहे थे।

### अमिताभ ने पूरी की वरुण की दिवाली विश

**नई दिल्ली।** दिवाली नजदीक आते ही 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के निर्माताओं ने भी कुछ खास प्लान किया है। क्विज-आधारित टीवी रियलिटी शो के 30 अक्टूबर के एपिसोड में, होस्ट अमिताभ बच्चन विशेष अतिथि के रूप में वरुण धवन का स्वागत करते हुए दिखाई देंगे। उनके साथ उनके 'सिटाडेल हनी बन्नी' के निर्देशक राज और डीके भी होंगे। एपिसोड में आप वरुण धवन को बिग बी के क्लासिक गानों पर डांस करते हुए देखेंगे। अब एक नए प्रोमो में वरुण धवन, अभिनेता बच्चन से 1990 में रिलीज हुई प्रतिष्ठित फिल्म 'अग्निपथ' से अपना लोकप्रिय डायलॉग सुनाने के लिए कहते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत निर्देशक राज द्वारा अमिताभ बच्चन से दिवाली की शुभकामनाओं के अनुरोध से होती है। वह पूछते हैं, 'क्या मैं आपसे दीपावली की शुभकामनाएं मांग सकता हूं?' इस पर वरुण धवन कहते हैं, 'सर, अग्निपथ।'



## इस एक्टर को सबसे पहले मिले थे एक करोड़

**नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले स्टार्स की बात होगी तो शायद आपको भी शाहरुख खान, सलमान खान या आमिर खान जैसे स्टार्स का नाम याद आ सकता है। इसी फेहरिस्त में अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे सितारे भी शामिल हैं। जो करोड़ों में फीस चार्ज करते हैं। लेकिन, करोड़ों में किसी भी फिल्म की फीस लेने वाले ये सितारे पहले नहीं हैं। इन से पहले चिरंजीवी ने ये परंपरा शुरू की थी। जो एक फिल्म के एक करोड़ रुपए तक फीस लेता था। ये कोई बॉलीवुड स्टार नहीं था, बल्कि साउथ इंडियन फिल्मों का स्टार था। जिसने बॉलीवुड में भी एक्शन मूवीज के जरिए खूब धमाल मचाया।



### तेलुगू सिनेमा में काम करने से हुआ फेमस

करोड़ों में फीस लेने वाले एक्टर्स की लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है चिरंजीवी का। जो लाखों से आगे निकलकर एक करोड़ की फीस लेने वाले पहले इंडियन एक्टर हैं। साउथ का ये मेगास्टार तेलुगू सिनेमा में काम करने से फेमस हुआ और फिर पूरे देश में छा गया। तेलुगू फिल्म इंड्स्ट्री में चिरंजीवी करीब डेढ़ सौ फिल्मों में काम कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, 1992 में उनकी फिल्म आपदबंधवुदु के लिए नंदी अवॉर्ड मिला था। इसी फिल्म के लिए चिरंजीवी ने एक करोड़ 25 लाख रुपए की फीस ऑफर हुई थी। जिसके बाद वो उस दौर के हाइएस्ट पेड एक्टर बन गए थे।

### अमिताभ बच्चन भी थे पीछे

उस दौर में अमिताभ बच्चन हिंदी फिल्म इंड्स्ट्री के टॉप एक्टर हुआ करते थे। लेकिन, उनकी फीस भी तब इतनी नहीं थी। डीएनए की एक रिपोर्ट के मुताबिक तब अमिताभ बच्चन एक फिल्म के नब्बे लाख रुपए तक चार्ज किया करते थे। 1996 में अमिताभ बच्चन ने 1 करोड़ रुपए की फीस चार्ज करना शुरू की थी। चिरंजीवी को एक करोड़ रुपए फीस मिलने के बाद ही कमल हासन और रजनीकांत जैसे स्टार्स ने फीस बढ़ाना शुरू की थी।

## 22 को 'करण अर्जुन' सिनेमाघरों में होगी री-रिलीज



*__मुंबई।__ बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और शाहरुख खान की फिल्म 'करण अर्जुन' के डायलॉग और गानों को प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं। मेकर्स ने फिल्म को रि-रिलीज करने की घोषणा की है। इस फिल्म को 22 नवंबर को फिर से रिलीज किया जाएगा। फिल्म का नया टीजर जारी हो चुका है। इस फिल्म में अमरीश पुरी ने खलनायक की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके किरदार का नाम दुर्जन सिंह था। फिल्म के डायलॉग को प्रशंसकों ने भी पसंद किया। पुनर्जन्म और बदला लेने पर आधारित यह फिल्म दो भाइयों, करण और अर्जुन की कहानी है। जो पारिवारिक झगड़े के कारण अलग हो जाते हैं। भाग्य उन्हें उनके अगले जन्म में फिर से मिलाता है, जब वे न्याय और मुक्ति की तलाश करते हैं।*

### फिर एक ही फिल्म ने बजट के आठ गुना कमाई और अब लगी है मूवी की लाइन

# हिट को तरस गया था ये एक्टर, 22 साल तक चला संघर्ष

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में कई ऐसे सुपरस्टार हैं, जिनका करियर कभी ऊंचाइयों पर था लेकिन फिर कई-कई साल एक हिट तक नहीं मिली। हालांकि, कुछ को लाइफ ने दोबारा मौका दिया और उन्होंने उस पर धमाल मचा दिया। इनमें से एक सनी देओल भी हैं। जिनकी 'गदर 2' ने पिछले साल कमाई का पहाड़ खड़ा कर दिया था। 22 साल से उनके करियर में काफी उतार-चढ़ाव चल रहा था।*

### फिल्मी करियर

साल 1983 में 'बेताब' से सनी देओल के फिल्मी करियर की शुरुआत हुई। पहली ही फिल्म में उन्हें गजब की पहचान मिली। 80-90 के दशक में तो उनका क्रेज देखते ही बनता था। उनकी एक-एक फिल्म के लिए फैंस बेताब रहते थे। साल 2001 में आई उनकी फिल्म 'गदर' ने तो गदर ही काट दिया। यह उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। इस फिल्म के बाद सनी देओल की अलग ही पहचान बन गई। हालांकि, फिर अगली ब्लॉकबस्टर के लिए उन्हें 22 साल का इंतजार करना पड़ा।

### खोया स्टारडम वापस मिला

'गदर' के 22 साल तक सनी देओल को स्टारडम पाने के लिए स्ट्रगल करना पड़ा। इसके बाद 2023 में उनकी फिल्म 'गदर 2' आई, जिसका बॉक्स-ऑफिस पर जलवा चला। इस फिल्म ने सनी देओल के स्टारडम को वापस ला दिया। इन दोनों के बीच 22 सालों तक सनी की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप और डिजास्टर ही साबित हुईं। एक हिट पाने के लिए लंबे समय से तरसते रहे थे।




### बताए अपने स्ट्रगल

पिछले साल 'कॉफी विद करण' के 8वें सीजन में सनी देओल पहुंचे, जहां उन्होंने बताया कि किस तरह 22 साल के संघर्ष के बाद उन्हें अपना टाइम वापस मिला है। इन दिनों उन्होंने काफी स्ट्रगल किया और एक हिट पाने के लिए दिन-रात मेहनत की।

### अपकमिंग फिल्में

'गदर 2' के बाद 67 साल के सनी देओल के पास फिल्मों की लाइन लग गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी उनके पास 5 फिल्में हैं। आने वाले 2 सालों में उनकी कई फिल्में रिलीज होंगी। उनकी अपकमिंग फिल्मों में 'लाहौर 1947', 'सन ऑफ सरदार 2', 'जाट', 'बॉर्डर 2' और 'रामायण' अगले दो सालों में आने वाली हैं।

# मुख्यमंत्री ने दी नरक चतुर्दशी और छोटी दीपावली की शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को नरक चतुर्दशी और छोटी दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली से एक दिन पहले कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को छोटी दिवाली मनाई जाती है, इसे नरक चतुर्दशी या रूप चौदस के रूप में मनाया जाता हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया था। रूप चौदस का पर्व सौंदर्य से जुड़ा है। साथ ही इस दिन नकारात्मक शक्तियों के प्रभाव को दूर करने के लिए माँ काली और यम की पूजा का विधान है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छोटी दिवाली पर आप सभी के जीवन से चिंता और दुःखों का नाश हो। आप सभी को सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और संपन्नता प्राप्त हो।

# रायपुर में चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ीं, एक दिन में दो हत्याओं से शहर में खौफ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । राजधानी रायपुर में हाल के दिनों में चाकूबाजी की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है, जिससे शहर में दहशत का माहौल है। बीते दिनों हुई दो घटनाओं ने रायपुर के नागरिकों और पुलिस प्रशासन को चिंतित कर दिया है।

पहली घटना रायपुर के बीरगांव इलाके में हुई, जहां एक 17 वर्षीय नाबालिग ने 19 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, घटना देर रात शुक्रवारी बाजार के पास घटी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना के पीछे लेनदेन को लेकर रंजिश थी। घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है।

दूसरी घटना शहर के रेलवे स्टेशन पर हुई, जहां प्लेटफार्म नंबर 01 के बाहर एक युवक की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह घटना ॠफढ थाना क्षेत्र की है और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने इस मामले में फिलहाल दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, और हत्या का कारण भी स्पष्ट नहीं है।

लगातार हो रही इन घटनाओं ने रायपुर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर काबू पाने के लिए विशेष गश्त बढ़ाने और सुरक्षा उपायों को कड़ा करने का आश्वासन दिया है।

## आम जनता के साथ पुलिस संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करे : राज्यपाल डेका

### भारतीय पुलिस सेवा के परीवीक्षाधीन अधिकारियों ने की भेंट

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि पुलिस को आमजनता से मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए संवेदनशीलता के साथ बर्ताव करना चाहिए। पुलिस की छवि, थाने में आने वाले शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों से किए गए व्यवहार से बनती है। पुलिस अधिकारियों को थाने में आए पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर होना चाहिए। यह उद्गार राज्यपाल डेका ने बुधवार को राजभवन में भेंट करने आए भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाक्षीन अधिकारियों ( आर. आर. 76 बैच ) के समक्ष व्यक्त किए। भेंट के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस, राज्य पुलिस अकादमी, चंद्रखुरी रायपुर के निदेशक रतन लाल डांगी भी उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी विश्वदीप ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई। यह रथ दक्षिण विधानसभा के विभिन्न मार्गों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेंगी। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, जिला समन्वयक के.एस. पटले, जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप की सहायक नोडल अधिकारी डॉ कामिनी बावनकर, जिला सहायक परियोजना अधिकारी चुन्नी लाल शर्मा उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ०ग०)**
**रा०प्र०क्र०- /ब-121/2023-24**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामलाल पैकरा आ० प्रेमसाय पैकरा निवासी नवापारा लब्जी भिटठीकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की शासन से प्राप्त पटटे भूमि ग्राम बकीरमा स्थित खसरा नंबर 1024/10 रकबा 0.983 हे0 मेसे 25 डिसमिल भूमि को अनावेदक महेन्द्र कुमार सिदार आ० संतराम सिदार निवासी करमीटिकरा बकिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राषि रुपये 2,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 20.11.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। दिनांकः- 22/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर, जिला सरगुजा, (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०./अ-2/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुशील कुमार सिंह आ० शिवमंगल सिंह जाति कंवर निवासी सिंधमा तहसील राजपुर जिला बलरामपुर ( छ०ग० ) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा ( छ०ग० ) खसरा नंबर 165/14 रकबा 0.032 हे० भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री की प्रति, आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 05/11/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी

अनुविभागीय अधिकारी (रा),
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/ /अ-20(3)/2024-25**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक मदन जायसवाल आ० गोपाल प्रसाद जायसवाल निवासी जोड़ापीपल के पास देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला खुटेनपारा, नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-2 स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 390/7, 391/3 कुल रकबा 820 वर्गफीट भूमि को रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक ईशान जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल, आशीष जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल दोनो निवासी लोकनायक जयप्रकाश वार्ड 30 अल्का इन्दस्ट्रीज बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास बिकय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 18/10/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र० //अ-20(3)/2024-25**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरिराम अग्रवाल आ० स्व० चंदगीराम, विष्णु प्रताप अग्रवाल आ० स्व० चंदगी राम दोनो जाति अग्रवाल निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग विवेकानंद वार्ड नम्बर-35 पो० व थाना जिला सरगुजा, छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला लखनपुर रोड नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-11 स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 4531/11 रकबा 0.20 एकड़ भूमि को अपने भाई अनावेदक प्रेमचंद अग्रवाल पित्ता स्व० चंदगीराम अग्रवाल निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग विवेकानंद वार्ड अम्बिकापुर के पक्ष में पंजीबद्ध हक त्याग पत्र निष्पादित करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु मेन्टनेन्स खसरा, दस्तावेज सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनाक 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुदा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र० //अ-20(3)/2024-25**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक प्रमोद जायसवाल, आ० गोपाल प्रसाद जायसवाल निवासी जोडापीपल के पास देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला खुटेनपारा, नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 2 स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 390/4, 391/4 कुल रकबा 455 वर्गफीट भूमि को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक ईशान जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल, आशीष जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल दोनो निवासी लोकनायक जयप्रकाश वार्ड 30 अल्का इन्डस्ट्रीज बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/ /अ-20(3)/2024-25**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अनिल जायसवाल, आ० गोपाल प्रसाद जायसवाल निवासी जोडापीपल के पास देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला खुटेनपारा, नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-2 स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 390/3, 391/2 कुल रकबा 670 वर्गफीट भूमि को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक ईशान जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल, आशीष जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल दोनो निवासी लोकनायक जयप्रकाश वार्ड 30 अल्का इन्डस्ट्रीज बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांक 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर


# ओछी राजनीति से चुनाव नहीं जीता जाता : भाजपा

## फेक वीडियो से कांग्रेस का चाल चरित्र और चेहरा बेनकाब हो गया: शिव रतन शर्मा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। रायपुर दक्षिण के चुनाव संचालक पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा ने कांग्रेस नेताओं को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के वायरल वीडियो मामले कांग्रेस अपने ही फैलाए जाल में फंस गई है। ताजा मामले में कांग्रेस ने वीडियो में दिखाए गए मौलाना को पत्रकारों के समक्ष लाकर यह स्वीकार कराया की वीडियो सही है। लेकिन उसी मौलाना ने पत्रकार वार्ता के बाद कांग्रेस भवन में ही यह भी स्वीकार किया कि, वीडियो को एडिट किया गया है। उसने अपना नाम शोएब बताया है और कहा कि फोटो 2019 की है। तब सुनील सोनी उससे मिले थे। लेकिन वीडियो को एडिट किया गया है। उन्होंने मेरा गाल नहीं चूमा था। शर्मा का कहना है कि, कांग्रेस अपने ही फैलाए जाल में फंस गई है। पहले अक की मदद से फेक वीडियो बनाया फिर मौलाना से जबरदस्ती यह कहलवाया कि वीडियो असली है। लेकिन कांग्रेस को यह नही भूलना चाहिए कि वो चाहे जितनी कोशिश कर ले सच्चाई छुप नहीं सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि, ओछी राजनीति से चुनाव नहीं जीता जाता है कांग्रेस का चाल, चरित्र चेहरा पूरा देश जनता है। इसीलिए कांग्रेस खात्मे के रास्ते पर है और आने वाले समय में रायपुर दक्षिण की जनता भी उसको आइना दिखा देगी।

## उप राष्ट्रपति धनखड़ से मिले डिप्टी सीएम साव

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर । छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 30 अक्टूबर को अपने एक दिवसीय नई दिल्ली प्रवास के दौरान देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भेंट की। उन्होंने राज्य शासन की ओर से उप राष्ट्रपति को राज्योत्सव के समापन एवं राज्य अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

# पांच साल के लंबे इंतजार के बाद सब इंस्पेक्टर बने गौरव शर्मा खुशी का माहौल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर - छत्तीसगढ़ में पांच वर्ष के लंबे इंतजार के बाद सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही नव नियुक्त सब इंस्पेक्टर गौरव शर्मा के चयन से परिवार, मित्रगण सहित गांव में खुशी का माहौल है। गणमान्य नागरिको सहित दोस्तों द्वारा सब इंस्पेक्टर बनने पर बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी जा रही है नव नियुक्त सब इंस्पेक्टर गौरव शर्मा ने बताया कि विगत पांच वर्ष तक सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा परिणाम के फाइनल रिजल्ट का इंतजार किए, आज चयन होने पर बहुत अच्छा लग रहा है। परिवारजन भी बहुत खुश है पुलिस विभाग द्वारा दिए गए दायित्वों एवं कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। गौरव शर्मा विकासखंड रामानुजनगर के कृष्णपुर निवासी संतोष शर्मा शासकीय वकील अम्बिकापुर एवं माता अर्चना शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बड़े पुत्र हैं। जिनके चयन से पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**स०प्र०क्र० //अ-20(3)/2024-25**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक अनिल जायसवाल, प्रमोद जायसवाल, सुनील जायसवाल, मदन जायसवाल सभी आ० गोपाल प्रसाद जायसवाल निवासी जोडापीपल के पास देवीगंज रोड अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला खुटेनपारा, नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर -2 स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर 390/1, 391/1 कुल रकबा 1781 वर्गफीट भूमि में से रकबा 1539.8 वर्गफीट भूमि को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक ईशान जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल, आशीष जायसवाल आ० अग्रेय जायसवाल दोनो निवासी लोकनायक जयप्रकाश वार्ड 30 अल्का इन्दस्ट्रीज बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः 25/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र0-2024050212000/ अ-6/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका किशोरी केशरी आ० शिवनाथ प्रसाद केशरी, निवासी ग्राम बलंगी, तह० वाड्रफनगर, जिला बलरामपुर ( छ०ग० ) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदिका द्वारा अनावेदक ना०बा० सुर्यम मंदिलवार आ. निर्झर मंदिलवार वली नैसर्गिक माता सोनल मंदिलवार पत्नि निर्झर मंदिलवार के स्वत्व एवं अधिपत्य की नजूल भूमि मोहल्ला सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित खसरा नं 758/22 रकबा 1742 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 05.03.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदिका द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। गया। आज दिनांक 09/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क्र०/अ-6/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक प्रदीप कुमार साहू आ.स्व. रामचन्द्र साहू, निवासी हनुमान मंदिर, भात्थू पारा मणिपुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक द्वारा अनावेदकगण उर्मिला उर्फ हेमंती जायसवाल पति स्व. सुभाष प्रसाद जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल पिता सुभाष प्रसाद जायसवाल वगैरह के संयुक्त स्वत्व एवं अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूमि भूमि शीट नं. 10. मोहल्ला मनीपुर, खसरा नं. 4230/2 रकबा 0.01 1/2 एकड़ (653.4 वर्गफीट) भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र, पंजीयन दिनांक 10.10.2024 के माध्यम से क्रय किया गया है, अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में अपना नाम दर्ज कराने हेतु विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक 18/11/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25/10/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**उदघोषणा**
**क्रमांक / / वाचक-1/व्यपवर्तन / 2024**

पत्थलगांव, दिनांक 23/10/2024

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम कछार प.ह.न. 21, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर ( छ.ग. ) को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल अग्रवाल पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर ( छ.ग. ) के द्वारा ग्राम कछार प. ह. नं. 21 ख०नं० 299/2 रकबा 0.174 हे० 1762.63 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ ( राईस मिल निर्माण ) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27/11/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधीकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**//उदघोषणा//**
**क्रमांक / / वाचक-1/व्यपवर्तन / 2024**

पत्थलगांव, दिनांक 23/10/2024

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम कछार प.ह.न. 21. तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर ( छ.ग. ) को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित कुमार अग्रवाल पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम लुड़ेग तहसील पत्थलगांव जिला- जशपुर ( छ.ग. ) के द्वारा ग्राम कछार प. ह. नं. 21 ख०नं० 299/3 रकबा 0.486 हे0 4923.23 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ ( राईस मिल निर्माण ) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27/11/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चातप्राप्त किसी भी दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधीकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**//उदघोषणा//**
**क्रमांक / / वाचक-1/व्यपवर्तन / 2024**

पत्थलगांव, दिनांक 23/10/2024

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम दिवानपुर प.ह.न. 10, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग. (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक राहूल अग्रवाल पिता कृष्ण कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर ( छ.ग. ) के द्वारा ग्राम दिवानपुर प. ह. नं. 10 ख०नं० 37/69/ख रकबा 0.332 हे० 3363.19 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ ( गोदाम निर्माण ) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27/11/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**
**उदघोषणा**
**क्रमांक / / वाचक-1/व्यपवर्तन / 2024**

पत्थलगांव, दिनांक 23/10/2024

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव पहन 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक तौहीदा आलम अंसारी पिता मो० सलीम अंसारी जाति मुसलमान निवासी ग्राम पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर ( छ.ग. ) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव प. ह. नं. 06 ख०नं० 468/6 रकबा 0.036 हे० 364.68 वर्गमीटर स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ ( मकान निर्माण ) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 27/11/2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक / समय / स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चातप्राप्त किसी भी दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

## कृष्णपुर के गौरव शर्मा का सब इंस्पेक्टर के लिये चयन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**रामानुजनगर।** ग्राम कृष्णपुर के गौरव शर्मा का चयन सब इंस्पेक्टर के लिए हुआ है।जिससे उनके परिजनों में खुशी है। गौरव शर्मा ने बताया कि विगत पांच वर्ष तक सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा परिणाम के फाइनल रिजल्ट का इंतजार किए, आज चयन होने पर बहुत अच्छा लग रहा है। पुलिस विभाग द्वारा दिए गए दायित्वों एवं कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। गौरव शर्मा विकासखंड रामानुजनगर के कृष्णपुर निवासी संतोष शर्मा शासकीय वकील अम्बिकापुर एवं माता अर्चना शर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के बड़े पुत्र हैं। जिनके चयन से पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।




# माँ काली पूजन आज, भजन संध्या व विशाल भंडार का कल होगा आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की सार्वजनिक श्री श्री मां काली पूजा समिति के द्वारा गुरुवार को माँ काली की पूजा का आयोजन किया गया

### समिति ने की व्यापक तैयारियां

है।भैयाथान रोड मन्दिरपारा स्थित दुर्गा बाड़ी में आयोजित काली पूजा के लिए आकर्षक पण्डाल निर्माण के साथ व्यापक तैयारियां की गई है। जहां आज गुरुवार को माँ काली की प्रतिमा स्थापित कर पांच ब्राह्मणों के द्वारा विधि विधान से धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना कराई जाएगी। गुरुवार को दोपहर 3 बजे कलश स्थापना के साथ पूजा प्रारम्भ होगी। 4 बजे शिव तांडव, 5.30 बजे चंडीपाठ के बाद रात्रि 10.56 बजे से माँ काली की पूजा प्रारंभ होगी। प्रात: 3 बजे दीपदान व बलिदान एवं प्रात: 4 बजे पुष्पांजलि, 4.30 बजे माता रानी को महाभोग, हवन एवं आरती



पश्चात 5 बजे पूजन का सामान होगा। शुक्रवार 1 नवम्बर को सायं 7 बजे माँ काली की महाआरती होगी। ततपश्चात माता रानी को चुनरी भेंट की जाएगी। जिसके बाद बाहर से आये हुए भजन गायकों के द्वारा माता रानी के हृदयस्पर्शी भजनो की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं परंपरा के अनुसार पण्डाल परिसर में कन्या पूजन व भोज पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। 2 नवम्बर शनिवार को प्रात: 11 बजे से सिंदूर दान का कार्यक्रम होगा। जिसके बाद बाजे गाजे के साथ शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शहर के विभिन्न मुख्यमार्गों से होते हुए शोभायात्रा रेणुका के तट स्थित छठ घाट पर पहुंचेगी जहां प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रूपेश मित्तल सहित समस्त पदाधिकारी व सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओ माताओ एवं बहनों से उक्त सभी कार्यक्रमो में शामिल होकर माँ काली का प्रसाद व आशीर्वाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है। आयोजन को लेकर समिति के लोगो व शहर वासियो में उत्साह का वातावरण है। ज्ञात हो कि यहां विगत 16 वर्षो से सार्वजनिक श्री श्री माँ काली पूजा समिति के द्वारा माँ काली पूजन का भव्य आयोजन किया जाता है जो अब शहर की पहचान बन गया है।

पूजन के दूसरे दिन रंगारंग धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विशाल भंडारे का आयोजन होता है। इस धार्मिक आयोजन में शहर के साथ साथ जिले भर से माता भक्त माँ काली की पूजा अर्चन व दर्शन के लिए पहुंचते है। इस बार भी समिति के द्वारा इस धार्मिक आयोजन के लिए व्यापक इंतजाम किया गया है।

# नरक चौदस के दिन बास्केटबॉल ग्राउंड में खिलाड़ी दो दशक से कर रहे पूजा-पाठ

### मैदान की सफाई करके बनाते हैं आकर्षक रंगोली

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** खिलाड़ियों के लिए मैदान किसी मंदिर के समान होता है। रोज मैदान में जाने से पहले चरण वंदन करना और उसका सम्मान करना खिलाड़ियों की परंपरा रही है। इन सबसे हटकर अंबिकापुर के स्टेडियम ग्राउंड के बास्केटबॉल मैदान में खिलाड़ी पिछले दो दशक से कुछ ऐसा कर रहे हैं, जो दूसरे खिलाड़ियों के लिए भी नजीर है।

बास्केटबॉल के खिलाड़ी धनतेरस के दूसरे दिन नरक चौदस और दीपावली के एक दिन पहले मैदान में रंगोली की सज्जा करके पूजा-पाठ करते हैं। इसके पहले खिलाड़ियों के द्वारा मैदान को पूरी तरह से स्वच्छ किया जाता है। साथ ही ग्राउंड पर रंगोली के द्वारा सजाया जाता है। खिलाड़ियों के द्वारा तैयार रंगोली में खेल गतिविधियों और बास्केटबॉल खेल से जुड़ी गतिविधि की बेहतरीन झलक दिखाई देती है। दीपावली के एक दिन पूर्व व दीपावली के दिन शाम को मैदान में मार्किंग करने के साथ पूजा-पाठ और दीप प्रज्वलन किया जाता है, इसके साथ ही वे दीपोत्सव मनाते हैं। दीपों से जगमग मैदान अत्यंत मनमोहक और आकर्षक दिखाई देता है।

राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि दीपोत्सव का आयोजन 20 वर्षों से चल रहा है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ी में खेल भावना के



साथ आपसी भाईचारा और एकता का विकास होता है। खिलाड़ियों में एक-दूसरे के सम्मान व सहयोग की भावना बलवती होती है। किसी भी त्यौहार के मौके पर हम प्रयास करते हैं कि खिलाड़ी मिल-जुलकर ऐसे कार्यक्रम में हिस्सा लें, जिससे खेल भावना के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं का मेल-जोल होता रहे।

## राज्य स्थापना दिवस पर लोगो से कल दीप प्रज्वलन की अपील

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर




राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 01 नवंबर को सभी मुख्यालयों में एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्वलन किया जाना है। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेवासियों से भी दीप प्रज्वलन को लेकर अपील की गई है।इसके साथ ही जिले में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवंबर को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सूरजपुर में मुख्य अतिथि के रूप में बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# कलेक्टर ने नवाटोला चेकपोस्ट सहित स्वास्थ्य केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन ने नवाटोला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने धान खरीदी के पूर्व धान के सम्भावित अवैध बिक्री और परिवहन पर अभी से सतर्क रहने और तैयारी करने के निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिये।

इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा भैयाथान अनुविभागीय कार्यालय तथा तहसील कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया। जहां उन्होंने निरीक्षण के दौरान राजस्व संबंधित अभिलेखों की गहनता से जांच की और राजस्व






प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने के दिशा निर्देश दिये। दूरस्थ अंचल बिहारपुर क्षेत्र में उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र मोहली, बालक-बालिका छात्रावास बिहारपुर, पीएम श्री स्कूल मोहली का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उपस्वास्थ्य केंद्र मोहली में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से केंद्र में आने वाले मरीजो की संख्या, रजिस्टर में दर्ज आंकड़ो, दवा वितरण इत्यादि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्टॉफ को नियमित समय पर उपस्थिति दर्ज कराने के तथा उप स्वास्थ्य केंद्र में दवाईयों के पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, एसडीएम सागर सिंह, ओड़गी जनदप पंचायत सीईओ डॉ. नृपेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय में किया जाएगा दीप प्रज्वलन

### कलेक्टर ने की अपील, जिलेवासी अपने घरों में दीप प्रज्वलन अवश्य करें

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर




के निर्देशानुसार 01 नवम्बर 2024 राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्वलन किया जाना है। निर्देश के परिपालन में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने संबंधित अधिकारियों को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों एवं नगरों के चौक-चौराहों पर दीप प्रज्वलन करने के निर्देश दिए है। साथ ही कलेक्टर श्री एक्का ने जिलेवासियों से अपील की है कि 01 नवम्बर स्थापना दिवस पर अपने घरों में दीप प्रज्वलन अवश्य करें।






# साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की धान खरीदी के तैयारी की समीक्षा

### राज्योत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम की गरिमामयी तैयारी करने के निर्देश

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयसीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। समयसीमा की बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारियों को सरगुजा जिले में गरिमामय और शांतिपूर्ण ढंग से राज्योत्सव कार्यक्रम आयोजन की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के समय सीमा में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की तथा निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवंबर को अंबिकापुर के कला केंद्र मैदान में राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने राज्योत्सव कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर आवागमन, स्टॉल, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग,




पेयजल, विद्युत व्यवस्था, मंच एवं बैठक व्यवस्था सहित अन्य सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर द्वारा धान खरीदी खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए समितिवार पंजीयन रिपोर्ट, बारदाने की उपलब्धता, उड़नदस्ता दल का गठन, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति, कृषक पंजीयन आदि विषयों पर धान खरीदी की तैयारियों की संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने जिले में आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने तथा आमजनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए। कलेक्टर श्री भोसकर ने बैठक में निर्माण एजेंसियों के विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि विभाग अंतर्गत हुए निर्माण कार्यों के अंतिम भुगतान हेतु चेकलिस्ट के अनुसार दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएं, जिसमें निर्माण की गुणवत्ता संबंधित सभी तरह के प्रमाण पत्र शामिल हों।

इसी तरह उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागों को आबंटित भूमि के संबंध में निर्देश दिए कि विभाग आबंटित भूमि को त्वरित आधिपत्य में ले, जिससे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को रोका जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर सुनील नायक सहित सभी एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी शामिल रहे।

# जिले के सभी 683 मतदान केंद्रों मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन


**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 29 अक्टूबर 2024 को जिले के सभी 683 मतदान केंद्रों में किया गया है। मतदाता 28 नवंबर 2024 तक मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मतदाता सूची में अपना नाम और अपने परिवार के सदस्यों के नाम का अवलोकन कर सकते हैं। ऐसे नागरिक, जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूरी हो रही है, वे मतदाता के रूप में पंजीकरण के पात्र हैं। इसके अलावा, जो मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, वे फॉर्म 6 भरकर पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।


जिन मतदाताओं के नाम सूची में हैं, परंतु जानकारी में त्रुटि सुधार, पते में परिवर्तन, या ईपीआईसी कार्ड की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है, वे फॉर्म 8 भर सकते हैं। जिन मतदाताओं का निधन हो चुका है, उनके परिवारजन स्वप्रेरणा से फॉर्म 7 के माध्यम से नाम विलोपित करवा सकते हैं, जिससे मतदाता सूची को शुद्ध बनाने में सहयोग हो सके।आयोग ने 9-10 नवंबर और 16-17 नवंबर 2024 को विशेष शिविर आयोजित कर, मतदान केंद्रों पर फॉर्म जमा करने की सुविधा प्रदान की है। मतदाता अपने आवेदन वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर पोर्टल वोटर डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर ऑनलाइन भी कर सकते हैं। आयोग ने ई-ईपिक कार्ड डिजिटल रूप में डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है।

आयोग ने भविष्य के मतदाताओं के लिए अग्रिम आवेदन की सुविधा भी शुरू की है। ऐसे मतदाता, जिनकी आयु 1 अप्रैल, 1 जुलाई, या 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष हो रही है, वे भी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की पात्रता तिथि पूरी होने पर उनके फॉर्म का समय-समय पर निराकरण किया जाएगा।जिले के मतदान केंद्रों में जुड़े, विलोपित, और संशोधित हुए प्रकरणों की मासिक जानकारी बलरामपुर जिले की वेबसाइट बलरामपुर डॉट जीओव्ही डॉट ईन पर उपलब्ध रहेगी। पुनरीक्षण में प्राप्त फॉर्मों की साप्ताहिक जानकारी भी वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की प्रति और बिना फोटोयुक्त सूची की सॉफ्ट कॉपी प्रदान की गई है, जिससे वे बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से दावा-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं।पुनरीक्षण कार्यक्रम में प्राप्त फॉर्म का पूर्ण निराकरण उपरांत, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को सभी मतदान केंद्रों पर किया जाएगा।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# सरगुजा फ्रंटलाइन



















स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर